# मासिक अपराध प्रतिवेदन जून 2011

माह जून 2011 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।

राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2010 के माह जून की तुलना में भारतीय दण्ड संहिता (भा.द.सं.) के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

### (माह जून 2010, मई 2011 एवं जून 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2010 | मई 2011 | जून 2011 | जून 2010 से जून 2011 | मई 2011 से जून 2011 | जून 2010 से जून 2011 | मई 2011 से जून 2011 |
| 1 | हत्या | 136 | 155 | 164 | 28 | 9 | 20.59 | 5.81 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 183 | 143 | 133 | -50 | -10 | -27.32 | -6.99 |
| 3 | डकैती | 1 | 2 | 1 | 0 | -1 | 0.00 | -50.00 |
| 4 | लूट | 81 | 62 | 70 | -11 | 8 | -13.58 | 12.90 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 302 | 329 | 361 | 59 | 32 | 19.54 | 9.73 |
| 6 | बलात्कार | 155 | 159 | 192 | 37 | 33 | 23.87 | 20.75 |
| 9 | बलवा | 73 | 50 | 66 | -7 | 16 | -9.59 | 32.00 |
| 7 | नकबजनी | 436 | 457 | 420 | -16 | -37 | -3.67 | -8.10 |
| 8 | चोरी | 1849 | 1799 | 1784 | -65 | -15 | -3.52 | -0.83 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 12300 | 11439 | 12265 | -35 | 826 | -0.28 | 7.22 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **15516** | **14595** | **15456** | **-60** | **861** | **-0.39** | **5.90** |

वर्ष 2011 में 2009 एवं 2010 की तुलना में माह जून तक भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः–

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति

### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह जून )

| क.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जून तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 698 | 684 | 730 | 32 | 46 | 4.58 | 6.73 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 831 | 806 | 773 | -58 | -33 | -6.98 | -4.09 |
| 3 | डकैती | 28 | 21 | 11 | -17 | -10 | -60.71 | -47.62 |
| 4 | लूट | 420 | 440 | 366 | -54 | -74 | -12.86 | -16.82 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 1534 | 1638 | 1704 | 170 | 66 | 11.08 | 4.03 |
| 6 | बलात्कार | 751 | 805 | 950 | 199 | 145 | 26.50 | 18.01 |
| 7 | बलवा | 543 | 520 | 385 | -158 | -135 | -29.10 | -25.96 |
| 8 | नकबजनी | 2793 | 2500 | 2436 | -357 | -64 | -12.78 | -2.56 |
| 9 | चोरी | 11251 | 11393 | 10747 | -504 | -646 | -4.48 | -5.67 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 63279 | 64560 | 64367 | 1088 | -193 | 1.72 | -0.30 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **82128** | **83367** | **82469** | **341** | **-898** | **0.42** | **-1.08** |

# निस्तारण भा.द.सं.

आलोच्य वर्ष 2011 में माह जून तक भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार हैः–

**निस्तारण भा.द.स. वर्ष 2011 (माह जून )**

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 730 | 98 | 24.75 | 0 | 98 | 298 | 100.00 | 334 | 45.75 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 773 | 52 | 9.96 | 10 | 62 | 460 | 97.87 | 251 | 32.47 |
| 3 | डकैती | 11 | 0 | 0.00 | 1 | 1 | 4 | 80.00 | 6 | 54.55 |
| 4 | लूट | 366 | 24 | 9.72 | 71 | 95 | 152 | 68.16 | 119 | 32.51 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 1704 | 735 | 64.64 | 40 | 775 | 362 | 90.05 | 567 | 33.27 |
| 6 | बलात्कार | 950 | 250 | 38.23 | 1 | 251 | 403 | 99.75 | 296 | 31.16 |
| 7 | बलवा | 385 | 63 | 19.63 | 0 | 63 | 258 | 100.00 | 64 | 16.62 |
| 8 | नकबजनी | 2436 | 88 | 4.56 | 1223 | 1311 | 620 | 33.64 | 505 | 20.73 |
| 9 | चोरी | 10747 | 569 | 5.96 | 7008 | 7577 | 1965 | 21.90 | 1205 | 11.21 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 64367 | 17382 | 31.36 | 1874 | 19256 | 36163 | 95.07 | 8948 | 13.90 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **82469** | **19261** | **27.45** | **10228** | **29489** | **40685** | **79.91** | **12295** | **14.91** |

○ एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता/ अदमसबूत।

वर्ष 2010 एवं 2011 में (माह जून तक) सम्पति सम्बन्धी अपराधों के चालानी, अदम वकूआ एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

| क. सं. | शीर्षक | अदम वकू प्रतिशत | | चालानी प्रतिशत | | बरामदगी प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2010 | 2011 | 2010 | 2011 | 2010 | 2011 |
| 1 | डकैती | 12.50 | 0.00 | 100.00 | 80.00 | 92.86 | 77.49 |
| 2 | लूट | 6.53 | 9.72 | 70.22 | 68.16 | 68.60 | 51.34 |
| 3 | नकबजनी | 5.27 | 4.56 | 33.73 | 33.64 | 41.93 | 35.89 |
| 4 | चोरी | 6.12 | 5.96 | 21.13 | 21.90 | 53.23 | 55.08 |
| **5** | **योग भादसं.** | **26.86** | **27.45** | **79.40** | **79.91** | **53.69** | **52.59** |

भा.द.सं. के तहत माह जून 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2011 में माह जून तक नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

# स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, मई 2011 एवं जून 2010 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

**स्थानीय एवं विशेष अधिनियम– माहवार तुलनात्मक स्थिति**

**(माह जून 2010, मई 2011 एवं जून 2011)**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2010 | मई 2011 | जून 2011 | जून 2010 से जून 2011 | मई 2011 से जून 2011 | जून 2010 से जून 2011 | मई 2011 से जून 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 1085 | 1124 | 1196 | 111 | 72 | 10.23 | 6.41 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1300 | 1089 | 1271 | -29 | 182 | -2.23 | 16.71 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 418 | 398 | 442 | 24 | 44 | 5.74 | 11.06 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 142 | 115 | 137 | -5 | 22 | -3.52 | 19.13 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 29 | 38 | 35 | 6 | -3 | 20.69 | -7.89 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 19 | 13 | 16 | -3 | 3 | -15.79 | 23.08 |
| 7 | अन्य एक्ट | 1693 | 2098 | 2382 | 689 | 284 | 40.70 | 13.54 |
| 8 | **योग** | **4686** | **4875** | **5479** | **793** | **604** | **16.92** | **12.39** |

**स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – वर्षवार तुलनात्मक स्थिति**

**वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह जून )**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जून तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 6296 | 6109 | 7293 | 997 | 1184 | 15.84 | 19.38 |
| 2 | जुआ एक्ट | 5850 | 7715 | 7202 | 1352 | -513 | 23.11 | -6.65 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 1943 | 2106 | 2522 | 579 | 416 | 29.80 | 19.75 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 458 | 664 | 736 | 278 | 72 | 60.70 | 10.84 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 165 | 251 | 239 | 74 | -12 | 44.85 | -4.78 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 136 | 138 | 129 | -7 | -9 | -5.15 | -6.52 |
| 7 | अन्य एक्ट | 6207 | 9026 | 11998 | 5791 | 2972 | 93.30 | 32.93 |
| 8 | **योग** | **21055** | **26009** | **30119** | **9064** | **4110** | **43.05** | **15.80** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत जून 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

**निस्तारण स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2011 (माह जून)**

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदमवकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 7293 | 1 | 0.01 | 26 | 27 | 6982 | 99.63 | 284 | 3.89 |
| 2 | जुआ एक्ट | 7202 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 7166 | 100.00 | 36 | 0.50 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 2522 | 2 | 0.08 | 11 | 13 | 2346 | 99.53 | 163 | 6.46 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 736 | 2 | 0.42 | 8 | 10 | 461 | 98.29 | 265 | 36.01 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 239 | 0 | 0.00 | 7 | 7 | 214 | 96.83 | 18 | 7.53 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 129 | 6 | 7.06 | 0 | 6 | 79 | 100.00 | 44 | 34.11 |
| 7 | अन्य एक्ट | 11998 | 3880 | 35.61 | 812 | 4692 | 6204 | 88.43 | 1102 | 9.18 |
| 8 | **योग एक्ट** | **30119** | **3891** | **13.79** | **864** | **4755** | **23452** | **96.45** | **1912** | **6.35** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह जून 2010, मई 2011 एवं जून 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2010 | मई 2011 | जून 2011 | जून 2010 से जून 2011 | मई 2011 से जून 2011 | जून 2010 से जून 2011 | मई 2011 से जून 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 45 | 58 | 52 | 7 | -6 | 15.56 | -10.34 |
| 2 | दहेजआत्महत्याका दुष्प्रेरण | 15 | 21 | 19 | 4 | -2 | 26.67 | -9.52 |
| 3 | महिला उत्पीडन(498-A) | 1169 | 990 | 1277 | 108 | 287 | 9.24 | 28.99 |
| 4 | बलात्कार | 155 | 159 | 192 | 37 | 33 | 23.87 | 20.75 |
| 5 | छेड़छाड़ | 216 | 228 | 246 | 30 | 18 | 13.89 | 7.89 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 246 | 278 | 293 | 47 | 15 | 19.11 | 5.40 |
| 7 | अन्य | 70 | 85 | 97 | 27 | 12 | 38.57 | 14.12 |
| **8** | **कुल योग** | **1916** | **1819** | **2176** | **260** | **357** | **13.57** | **19.63** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह जून )

| क्र. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जून तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 205 | 219 | 259 | 54 | 40 | 26.34 | 18.26 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 81 | 91 | 102 | 21 | 11 | 25.93 | 12.09 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 4846 | 5488 | 5682 | 836 | 194 | 17.25 | 3.53 |
| 4 | बलात्कार | 751 | 805 | 950 | 199 | 145 | 26.50 | 18.01 |
| 5 | छेड़छाड़ | 1232 | 1223 | 1290 | 58 | 67 | 4.71 | 5.48 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 1264 | 1375 | 1452 | 188 | 77 | 14.87 | 5.60 |
| 7 | अन्य | 380 | 390 | 463 | 83 | 73 | 21.84 | 18.72 |
| **8** | **कुल योग** | **8759** | **9591** | **10198** | **1439** | **607** | **16.43** | **6.33** |

- महिला अत्याचार के तहत जून 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **''ग''** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार
### (वर्ष 2011 माह जून तक)

| क सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 259 | 37 | 22.98 | 0 | 37 | 124 | 100.00 | 98 | 37.84 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 102 | 15 | 21.13 | 0 | 15 | 56 | 100.00 | 31 | 30.39 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 5682 | 2233 | 47.79 | 0 | 2233 | 2440 | 100.00 | 1009 | 17.76 |
| 4 | बलात्कार | 950 | 250 | 38.23 | 1 | 251 | 403 | 99.75 | 296 | 31.16 |
| 5 | छेड़छाड़ | 1290 | 273 | 22.67 | 2 | 275 | 929 | 99.79 | 86 | 6.67 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 1452 | 635 | 66.15 | 36 | 671 | 289 | 88.92 | 492 | 33.88 |
| 7 | अन्य अभियोग | 463 | 100 | 28.49 | 7 | 107 | 244 | 97.21 | 112 | 24.19 |
| **8** | **कुल योग** | 10198 | 3543 | 43.88 | 46 | 3589 | 4485 | 98.98 | 2124 | 20.83 |

## अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, मई 2011 एवं जून 2010 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह जून 2010, मई 2011 एवं जून 2011)

| क. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2010 | मई 2011 | जून 2011 | जून 2010 से जून 2011 | मई 2011 से जून 2011 | जून 2010 से जून 2011 | मई 2011 से जून 2011 |
| 1 | हत्या | 7 | 4 | 6 | -1 | 2 | -14.29 | 50.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 5 | 5 | 5 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 3 | बलात्कार | 19 | 21 | 19 | 0 | -2 | 0.00 | -9.52 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 3 | 4 | 3 | 1 | 300.00 | 33.33 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 403 | 349 | 395 | -8 | 46 | -1.99 | 13.18 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 14 | 13 | 5 | -9 | -8 | -64.29 | -61.54 |
| **8** | **कुल योग** | **449** | **395** | **434** | **-15** | **39** | **-3.34** | **9.87** |

### अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह जून )

| क. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह जून तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 31 | 23 | 28 | -3 | 5 | -9.68 | 21.74 |
| 2 | गम्भीर चोट | 35 | 25 | 34 | -1 | 9 | -2.86 | 36.00 |
| 3 | बलात्कार | 85 | 100 | 104 | 19 | 4 | 22.35 | 4.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 24 | 17 | 15 | -9 | -2 | -37.50 | -11.76 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 2126 | 2194 | 2190 | 64 | -4 | 3.01 | -0.18 |
| 7 | 3 एससी / एसटी एक्ट | 55 | 51 | 52 | -3 | 1 | -5.45 | 1.96 |
| **8** | **कुल योग** | **2356** | **2410** | **2423** | **67** | **13** | **2.84** | **0.54** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह जून 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण वर्ष 2011 (माह जून )

| क्र सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 28 | 3 | 21.43 | 0 | 3 | 11 | 100.00 | 14 | 50.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 34 | 7 | 35.00 | 0 | 7 | 13 | 100.00 | 14 | 41.18 |
| 3 | बलात्कार | 104 | 26 | 36.11 | 0 | 26 | 46 | 100.00 | 32 | 30.77 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 15 | 8 | 61.54 | 1 | 9 | 4 | 80.00 | 2 | 13.33 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 2190 | 966 | 61.33 | 3 | 969 | 606 | 99.51 | 615 | 28.08 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 52 | 35 | 83.33 | 0 | 35 | 7 | 100.00 | 10 | 19.23 |
| **8** | **कुल योग** | **2423** | **1045** | **60.20** | **4** | **1049** | **687** | **99.42** | **687** | **28.35** |

# अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, माह मई 2011 एवं माह जून 2010 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
## (माह जून 2010, मई 2011 एवं जून 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2010 | मई 2011 | जून 2011 | जून 2010 से जून 2011 | मई 2011 से जून 2011 | जून 2010 से जून 2011 | मई 2011 से जून 2011 |
| 1 | हत्या | 1 | 3 | 2 | 1 | -1 | 100.00 | -33.33 |
| 2 | गम्भीर चोट | 3 | 2 | 3 | 0 | 1 | 0.00 | 50.00 |
| 3 | बलात्कार | 7 | 7 | 8 | 1 | 1 | 14.29 | 14.29 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 4 | 0 | 0 | -4 | 0 | -100.00 | 0.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 94 | 88 | 101 | 7 | 13 | 7.45 | 14.77 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 1 | 2 | 1 | 0 | -1 | 0.00 | -50.00 |
| **8** | **कुल योग** | **110** | **102** | **115** | **5** | **13** | **4.55** | **12.75** |

वर्ष 2011 में गत 2 वर्षों की तुलना में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह जून )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह जून तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 4 | 11 | 9 | 5 | -2 | 125.00 | -18.18 |
| 2 | गम्भीर चोट | 15 | 18 | 10 | -5 | -8 | -33.33 | -44.44 |
| 3 | बलात्कार | 23 | 22 | 29 | 6 | 7 | 26.09 | 31.82 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 4 | 4 | 7 | 3 | 3 | 75.00 | 75.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 492 | 566 | 554 | 62 | -12 | 12.60 | -2.12 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 7 | 15 | 11 | 4 | -4 | 57.14 | -26.67 |
| **8** | **कुल योग** | **545** | **636** | **620** | **75** | **-16** | **13.76** | **-2.52** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार निस्तारण स्थिति वर्ष 2011 (माह जून )

| कसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 9 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 2 | 100.00 | 7 | 77.78 |
| 2 | गम्भीर चोट | 10 | 1 | 14.29 | 0 | 1 | 6 | 100.00 | 3 | 30.00 |
| 3 | बलात्कार | 29 | 2 | 11.76 | 0 | 2 | 15 | 100.00 | 12 | 41.38 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 7 | 4 | 66.67 | 0 | 4 | 2 | 100.00 | 1 | 14.29 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 554 | 252 | 63.96 | 0 | 252 | 142 | 100.00 | 160 | 28.88 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 11 | 7 | 77.78 | 0 | 7 | 2 | 100.00 | 2 | 18.18 |
| **8** | **कुल योग** | **620** | **266** | **61.15** | **0** | **266** | **169** | **100.00** | **185** | **29.84** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह जून 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, मई 2011 एवं जून 2010 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्यवाही | | | वर्ष में कार्यवाही | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 2010 | मई 2011 | जून 2011 | वर्ष 2010 | वर्ष 2011 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा/बरी | ड्रॉप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107/151 द.प्र.सं. | 11971 | 10711 | 13573 | 64318 | 63400 | 160285 | 137022 | 114 | 2 | 23147 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 2269 | 1905 | 2490 | 12191 | 12447 | 16634 | 16056 | 0 | 0 | 578 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 793 | 651 | 1293 | 7878 | 9093 | 9093 | 8094 | 0 | 137 | 862 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 66 | 30 | 120 | 225 | 354 | 431 | 260 | 0 | 1 | 170 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 24 | 83 | 69 | 107 | 414 | 654 | 291 | 0 | 0 | 363 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 78 | 22 | 48 | 188 | 252 | 1276 | 588 | 0 | 15 | 673 |
| 7 | एच.ओ. एक्ट | 0 | 2 | 3 | 2 | 23 | 23 | 0 | 0 | 0 | 23 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 4507 | 6207 | 6031 | 23914 | 34567 | 36193 | 33493 | 55 | 0 | 2645 |
| 9 | एन. एस. ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2010 एवं 2011 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2010 | 197 | 153 | 44 |
| 2011 (जून ) | 104 | 39 | 65 |

### सड़क दुर्घटना

| क्र.सं. | वर्ष | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2010 ( जून तक) | 12830 | 4846 | 16807 |
| 2 | 2011 ( जून तक ) | 12285 | 4858 | 15679 |

माह जून 2011 में कुल 2026 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 2341 एवं जून 2010 में 2163 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह एवं जून 2010 की अपेक्षा दुर्घटनाओं में कमी रही है।

राज्य में वर्ष 2011 में माह जून तक कुल 12285 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि तक 12830 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 545 (4.24 % ) दुर्घटनाओं की कमी रही है।

## घोषित अपराधी/मफरूर

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन के अन्त में तालिका **'ड'** पर है।

वर्ष 2011 में अब तक 846 भगौड़े 363 घोषित अपराधी, तथा 6612 स्थायी वारंटी प्राप्त हुए। जिनमें से वर्ष 2011 में अब तक 1266 भगौड़े, 589 घोषित अपराधी एवं 12989 स्थाई वारंटियों का निस्तारण किया गया।

# उपलब्धियाँ माह जून– 2011

**डकैतीः–**

- दिनांक 12.06.2011 को जिला दौसा थाना महुआ पुलिस ने सूत्र सूचना पर नेशनल हाईवे नम्बर 11 पर एक इण्डिका कार में बैठे 5 बदमाशों द्वारा डकैती की योजना बनाते हुए की सूचना पर दौराने नाकाबन्दी बदमाशान ने नाकाबन्दी तोड़कर कार को डिवाडर पर चढाकर भागने की कोशिश की जिससे इण्डिका का टायर फटने के कारण बदमाश गाड़ी से उतरकर भागने लगे। पुलिस द्वारा उनका पीछाकर 5 बदमाशों को मय कार तथा दो लोडेड 315 बोर कट्टे, एक तलवार, एक लोहे की राड़ बरामद कर गिरफ्तार किया। इन अभियुक्तों पर डकैती, चोरी, लूट, वाहन चोरी आदि के लगभग 20 गम्भीर अपराध दर्ज है।
- दिनांक 13.06.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना सिन्धीकैम्प पुलिस ने डकैती की तैयारी करते 4 उत्तर प्रदेश के अन्तर्राज्य अभियुक्तों के कब्जे से 2 देशी कट्टे 315 बोर व 8 कारतूस बरामद किये। इन पर डकैती गैंगस्टर एक्ट के लगभग एक दर्जन अभियोग विचाराधीन है। एक अभियुक्त सरजीत पर पुलिस अधीक्षक अलीगढ द्वारा 5000/–रूपये का ईनाम घोषित है।
- दिनांक 14.06.2011 को जिला झालावाड़ थाना भवानीमण्डी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी डकैती की योजना बनाते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से एक पिस्टल मय एक कारतूस, एक रिवाल्वर मय दो कारतूस, एक तलवार एवं एक छुर्रा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 28.06.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना प्रतापनगर पुलिस ने डकैती की योजना बनाते हुए 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देशी कट्टा, 2 कारतूस, 2 मोबाइल सैट, एक चाकू व दो मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**लूटः–**

- दिनांक 02.06.2011 को जिला कोटा ग्रामीण थाना रामगंज मण्डी पुलिस ने दिनांक 01.06.2011 को रात्रि 10.30 बजे 3 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चाकू दिखाकर लूट के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लूटा गया माल मसरूका बरामद किया।
- दिनांक 04.06.2011 को जिला अलवर थाना टपूकड़ा पुलिस ने 2 लूटेरों द्वारा एक व्यक्ति से फैक्ट्री के बाहर से मारपीट कर रूपये व मोबाइल लूटने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्तों को नामजद कर उनके कब्जे से लूटा गया माल मसरूका के अतिरिक्त 3 मोबाइल सैट ओर बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04.06.2011 को जिला अलवर थाना रामगढ पुलिस ने अज्ञात 4–5 बदमाशों द्वारा पिस्तौल की नोक पर दिन दहाड़े 2.70 लाख रूपये की लूट के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 5 अभियुक्तों को नामजद कर इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त की गई दो मोटरसाईकिल, एक सेन्ट्रो कार व लूट की राशि 1.90 लाख रूपये तथा एक देशी कट्टा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 15.06.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना बस्सी व प्रतापनगर पुलिस ने लूट के दर्ज अभियोगों में कुल 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल मसरूका एक ट्रेक्टर एवं 1.78 लाख रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.06.2011 को जिला जैसलमेर थाना फलसूण्ड पुलिस ने एक महिला के गले से तमनिया व मोबाइल लूटने की लिखित रिपोर्ट पर दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से लूटा गया माल मसरूका 1.25 लाख रूपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.06.2011 को जिला झुन्झुनू थाना कोतवाली पुलिस ने एस.बी.बी.जे. बैंक में एक व्यक्ति को विड्राल फार्म भरने का बहाना करते हुए संदिग्ध अवस्था में सादा वर्दीधारी कर्मी की सूचना पर तुरन्त पुलिस स्टाफ बैक पहुँचा व संदिग्ध व्यक्ति एवं दो अन्य साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दौराने पूछताछ उक्त गिरोह ने पंजाब, हरियाणा, आन्ध्रप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र आदि राज्यों में लूट की घटना करना स्वीकार किया व दिनांक 08.04.2011 को इसी बैक से एक व्यक्ति द्वारा 98 हजार रूपये

निकालकर बस स्टेण्ड पर जाते हुए के साथ हुई लूट की घटना इन्ही अभियुक्तों द्वारा की गई जिनसे बैग व 34 हजार रूपये व माल मसरूका बरामद किया।

- दिनांक 25.06.2011 को जिला टोंक थाना निवाई पुलिस ने दिनांक 12.06.2011 को एक स्कार्पियों गाड़ी में नीली बत्ती लगाकर एक ट्रेक्टर व 15 हजार रूपये लूट के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.06.2011 को जिला अलवर थाना मालाखेड़ा पुलिस ने दिनांक 14.06.2011 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक बोलेरो गाड़ी को फिल्म की शूटिंग के लिए विराटनगर से किराये पर लेकर सरिस्का आये तथा भृतहरि तिराहे के पास चालक के ऑखों में मिर्ची डालकर उसका मोबाइल फोन व बोलेरो गाड़ी लेकर फरार होने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान व नाकाबन्दी तीन अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.06.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना शाहपुरा पुलिस ने लूट के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक ट्रक बरामद किया।

**हत्याः—**

- दिनांक 02.06.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने अज्ञात अभियुक्तों द्वारा एक लड़के की गोली मारकर हत्या किये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.06.2011 को जिला झुन्झुनू थाना बगड पुलिस ने परिवादी द्वारा एक लिखित रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरी पत्नी 06.06.2011 को रात्रि 10.00 बजे घर से अपने पीहर जाने का नाम लेकर गई थी जो अब तक पीहर नही पहॅुची आदि रिपोर्ट पर जॉच प्रारम्भ की गई इसी दौरान दिनांक 10.06.11 को परिवादी के साले ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरी बहन को उसके पति ने मार कर कही छुपा दिया है। इस रिपोर्ट पर पूर्व परिवादी से गहनता से पूछताछ किये जाने पर उसकी निशादेही से गढ्ढे में दबी मृतका की लाश व अलाय कत्ल डण्डा, फावड़ा एवं घटना के समय पहने हुए कपड़े व जेवरात बरामद कर मृतका के पति को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.06.2011 को जिला झुन्झुनु थाना नवलगढ़ पुलिस ने परिवादी द्वारा एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि दो आदमी मेरे ससुराल आये मेरी सास की हत्या करके चले गये मैं ससुराल आया तो मेरी सास खुन से लथपथ पड़ी थी व घर का सामान अस्त—व्यस्त पड़ा हुआ है आदि रिपोर्ट पर दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर अलाय कत्ल व लूट के जेवरात बरामद किये।
- दिनांक 18.06.2011 को जिला झुन्झुनू थाना बिसाऊ पुलिस ने एक लिखित रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मेरे लड़के को किसी अज्ञात लोगों ने हत्या कर खेत में लाश डाले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान मृतक की कॉल डिटेल के आधार पर दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया। जिन्होने दौराने अनुसंधान बताया की शराब पीने के बाद कहासुनी के दौरान झगड़ने पर सिर में लकड़ी से चोट कारित होने से व ज्यादा खून बहने से मौत हो गई।
- दिनांक 20.06.2011 को जिला दौसा थाना बॉदीकुई पुलिस ने एक वृद्ध महिला की दो दिन पुरानी नग्न अवस्था में लाश मिलने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दिनांक 23.06.2011 को मृतका का दोहिता को गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसने अपनी नानी के बक्से से रूपये चुराना व गला मरोडकर हत्या करना कबूल किया।
- दिनांक 25.06.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना सोडाला पुलिस ने हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनकी निशादेही से खड्डे में दबाई गई लाश बरामद की।
- दिनांक 27.06.2011 को जिला जालोर थाना भीनमाल पुलिस ने अज्ञात अभियुक्तों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान तीन अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 28.06.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रात्रि में परिवादी के माता व पिता को धारदार हथियार से मार देने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान कुल 7 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।

**नकबजनीः–**

- दिनांक 05,06, 08, 09, 16 व 22.06.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना आमेर, विद्याधर नगर, शास्त्रीनगर, रामगंज व माणक चौक पुलिस ने नकबजनी के दर्ज अभियोगों में कुल 6 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल मसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**अपहरणः–**

- दिनांक 05.06.2011 को जिला टोंक थाना सोप पुलिस ने दिनांक 23.03.2011 को अज्ञात मुलजिम द्वारा 8 वर्ष की नाबालिक बच्ची का अपहरण कर बलात्कार किया व जान से मारने की नीयत से चोट पहुँचाने के दर्ज प्रकरण में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.06.2011 को जिला नागौर थाना कुचामन सिटी पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कोलकाता से आये दो प्याज व्यापारियों को होटल से बाहर बुलाकर अपहरण कर टेलिफोन पर उनके परिवार से 9 लाख रूपये लेने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त के कब्जे से 7.20 लाख रूपये व प्रकरण में प्रयुक्त जीप बरामद कर गिरफ्तार किया। शेष दो अभियुक्तों की तलाश जारी है।

**ईनामी अभियुक्तः–**

- दिनांक 26.06.2011 को जिला धौलपुर थाना बसईडॉग पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक मुरैना (एमपी) से 3000/–रूपये का ईनाम घोषित था।

**चोरीः–**

- दिनांक 03 व 30.06.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना सीकर पुलिस ने 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 4 हजार रूपये नगद, एक मोबाइल व अन्य पार्चेजात बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06 व 12.06.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना विश्वकर्मा व बगरू पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 8 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 1.75 लाख रूपये का सामान एवं 3 लाख रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.06.2011 को जिला टोंक थाना पचेवर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जंगल में चरती हुई बकरियों को गाड़ी में भरकर ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई बकरिया कीमतन 50,000/–रूपये की बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.06.2011 को जिला सवाईमाधोपुर थाना गंगापुरसिटी पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 2 सीपीयू, सिलाई मशीन आदि चोरी गया माल मसरूका बरामद किया।
- दिनांक 13.06.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना चन्देरिया पुलिस ने दिनांक 11.05.2011 को सुभम ऑयल पेट्रोल पम्प रिठौला में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पम्प के गल्ले से 2,90037/–रूपये चुराकर नीले रंग की इण्डिका कार से भाग जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को मय कार के गिरफ्तार कर चोरी गया माल मसरूका 2.50 लाख रूपये बरामद किये। शेष 40 हजार रूपये बरामदगी के प्रयास जारी है।
- दिनांक 14.06.2011 को जिला जालोर थाना कोतवाली, भीनमाल एवं रानीवाड़ा पुलिस ने चोरी गई एक बोलेरो व दो मोटरसाईकिलें बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.06.2011 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना मेड़तारोड़ पुलिस ने रेल्वे स्टेशन रेण पर जेब तरासी करते रंगे हाथों गिरफ्तार कर चोरी किया 39 हजार रूपये बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22 व 27.06.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना प्रागपुरा व दूदू पुलिस ने चोरी के दर्ज अभियोगों में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया माल मसरूका 2,20,400/–रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**वाहन चोरी :–**

- दिनांक 01, 05, 09, 12, 20, 28 व 30.06.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना शाहपुरा कोटपूतली, प्रागपुरा पुलिस ने वाहन चोरी की बढती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए धरपकड़ के दौरान कुल 14 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई 19 मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02.06.2011 को जिला सवाईमाधोपुर थाना मलारनाडूँगर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 4 चोरी गई मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 23 व 25.06.2011 को जिला भरतपुर थाना रूपवास, जुरहरा व कामां पुलिस ने सूत्र सूचना पर तीन अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई मोटरसाईकिले बरामद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07 व 08.06.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना मालवीय नगर एवं बजाजनगर पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से 11 चोरी गई मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09 व 21.06.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना आनन्दपुरी पुलिस ने वाहन चोरी के दो अभियोगों में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई दोनों मोटरसाईकिलें बरामद की।
- दिनांक 10, 12, 19 21 व 26.06.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना मुरलीपुरा, वैशालीनगर, हरमाड़ा, बगरू व झोटवाड़ा पुलिस ने वाहन चोरी के दर्ज अभियोग में कुल 10 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक एसेन्ट कार, 5 मोटरसाईकिल एवं दो ट्रक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11, 22, 24, 25 व 28.06.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना भट्टाबस्ती, नाहरगढ, माणकचौक, आमेर, कोतवाली ब्रह्मपुरी पुलिस ने 8 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गये वाहन एक पिकअप व 10 मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13.06.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना जयपुर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से चोरी गई कार बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16 व 21.06.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना शिप्रापथ व श्यामनगर पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक जीप दो मोटरसाईकिले व 11 मोबाइल फोन बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22 व 27.06.2011 को जिला झालावाड़ थाना घाटोली व कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 5 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गया वाहन एक ट्रेक्टर 3 मोटरसाईकिलें तथा एक कट्टा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**अवैध शराबः–**

- दिनांक 02, 18 व 27.06.2011 को जिला करौली थाना कोतवाली, मण्डरायल व बालघाट पुलिस ने एक वाहन सहित 3 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन की जा रही 40 पव्वे अंग्रेजी शराब व 2236 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.06.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना बस्सी पुलिस ने ग्राम तहतडा में अवैध शराब की दुकान चलाते हुए एक अभियुक्त के कब्जे से 23 बोतल, 189 अद्धे, 143 पव्वे अंग्रेजी शराब 195 बीयर एवं 94 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.06.2011 को जिला झुन्झुनू थाना खेतड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैघ रूप से परिवहन की जा रही 50 कार्टून हरियाणा निर्मित सौफी व 25 कार्टून बीयर बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 06, 11 व 21.06.2011 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना खेड़ापा व बाप पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 2621 कार्टून अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 06.06.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना आनन्दपुरी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 14 कार्टून देशी शराब के पव्वे बरामद कर एक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07, 12 व 20.06.2011 को जिला बाड़मेर थाना मण्डली, शिव व चौहटन पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 3 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 606 कार्टूनों में 4344 बोतल, 23028 पव्वे विभिन्न ब्राण्ड की अंग्रेजी शराब व 2020 केन बीयर बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07 व 28.06.2011 को जिला डूँगरपुर थाना चितरी व आसपुर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 391 कार्टून अंग्रेजी शराब एवं 420 बोतल बीयर बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08, 12 व 28.06.2011 को जिला नागौर थाना जसवन्तगढ, श्री बालाजी व खीवसर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक रिहायसी मकान एवं दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही कुल 976 कार्टून अंग्रेजी शराब एवं 101 कार्टून बीयर बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08, 10 व 20.06.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली, प्रागपुरा व चन्दवाजी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन व तीन अभियुक्तों के कब्जे से 921 बोतल, 51 अद्धे व 4729 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09 व 22.06.2011 को जिला भरतपुर थाना जुरहरा व उद्योगनगर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 34 कार्टून बीयर, 6 कार्टून व 720 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 13.06.2011 को जिला सीकर थाना नेछवा व लोसल पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 1088 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12, 23 व 29.06.2011 को जिला जालोर थाना चितलवाना व रानीवाड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1355 बोतल व 2232 पव्वे अंग्रेजी शराब तथा 384 टीन बीयर बरामद कर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19 व 27.06.2011 को जिला जैसलमेर थाना पोकरण पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 10272 बोतल, 19566 पव्वे अंग्रेजी शराब एवं 3992 बोतल बीयर बरामद कर कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 28.06.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना बड़ीसादड़ी पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 7 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर वाहन की तलाशी ली तो वाहन में एक ड्रम में 60 लीटर स्प्रीट, एक प्लास्टिक के कट्टे में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के लेबल, ढक्कन, फेवीकोल, वैक्स पॉलिस, कार्टून, बालटिया, टब व 180 एमएल के खाली पव्वे आदि नकली शराब बनाने का सामान बरामद किया।

राज्य में माह जून 2011 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 1196 प्रकरण दर्ज कर 1228 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 136450 बोतल अंग्रेजी शराब 9954 बोतल देशी शराब 5430 बोतल कच्ची शराब एवं 32587 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह जून तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 7293 प्रकरण दर्ज कर, 7343 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 501385 बोतल अंग्रेजी शराब, 86005 बोतल देशी शराब, 39659 बोतल कच्ची शराब एवं 199480 बोतल बीयर बरामद की गई।

**मादक पदार्थः–**

- दिनांक 01, 16 व 25.06.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना अजमेर व कोटा पुलिस ने सूत्र सूचना पर तीन अभियुक्तों द्वारा अवैध रूप से परिवहन की जा रही 166 ग्राम चरस, 1 किलोग्राम अफीम व 200 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 04, 15, 17, व 22.06.2011 को जिला झालावाड़ थाना अकलेरा, मिश्रोली, भवानीमण्डी व सुनेल पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त 7 अभियुक्तों के कब्जे से 3.750 किलोग्राम अफीम व 500 ग्राम स्मैक बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02,03 व 29.06.2011 को जिला सिरोही थाना सिरोही, सरूपगंज व बरलूट पुलिस ने दौराने गश्त व नाकाबन्दी 3 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1028 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया।
- दिनांक 03, 07, 18 व 24.06.2011 को जिला गंगानगर थाना जवाहरनगर, घड़साना, लालगढ व सूरतगढ शहर पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन सहित कुल 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध परिवहन किया जा रहा 7.510 किलोग्राम अफीम, 4 ग्राम स्मैक, 48.500 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 06, 07, 09, 14, 15, व 16.06.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना चित्तौड़गढ निम्बाहेड़ा, बैगू, भादसोड़ा व भदेसर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी 4 वाहनों सहित 11 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 14.450 किलोग्राम अफीम, 751 किलोग्राम डोडा चूरा एवं 11 पौधे (4.690) किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07 व 09.06.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना चौमू, बगरू व झोटवाड़ा पुलिस ने एक व्यक्ति व दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 16.200 किलोग्राम गांजा एवं 438 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर कुल 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11 व 16.06.2011 को जिला नागौर थाना श्रीबाजाली, कुचामनसिटी व थावला पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी तीन वाहनों में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 440 ग्राम अफीम का दूध एवं 2338.200 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 11.06.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना रामगंज पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 1 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.06.2011 को जिला सवाईमाधोपुर थाना गंगापुरसिटी पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध 1.200 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.06.2011 को जिला जालोर थाना चितलवाना पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त की रहवासी ढाणी में अवैध रूप से बिना लाईसेन्स के रखा हुआ 620 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.06.2011 को जिला पाली थाना जैतारण पुलिस ने एक मोटरसाईकिल पर अवैध रूप से परिवहन कर ले जा रहे 1 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15 व 16.06.2011 को जिला प्रतापगढ थाना सालमगढ व छोटी सादड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा व एक अभियुक्त के कब्जे से 386. 500 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16.06.2011 को जिला सिरोही थाना मण्डार पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक अभियुक्त के कब्जे से 800 ग्राम हेरोईन बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.06.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध रूप से 220 ग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22, 27 व 29.06.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना मंगलवाड़, रावतभाटा, निम्बाहेड़ा व रासमी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी 3 वाहनों सहित 3 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से

परिवहन किया जा रहा 707 किलोग्राम डोडा चूरा, 1.500 किलोग्राम अफीम एवं 300 ग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 26.06.2011 को जिला धौलपुर थाना बाड़ी पुलिस ने दौराने गश्त एक अभियुक्त के कब्जे से 5.800 किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.06.2011 को जिला पाली थाना कालू पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाया जा रहा 445 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया।
- दिनांक 29.06.2011 को जिला बाड़मेर थाना पचपदरा पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाया जा रहा 2165 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 30.06.2011 को जिला जोधपुर शहर थाना लूणी पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 590 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया।

राज्य में माह जून 2011 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 137 प्रकरण दर्ज कर, 157 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.797 कि.ग्राम स्मैक, 0.800 हेरोईन, 0.166 कि.ग्रा. चरस, 41.605 कि.ग्रा. अफीम, 81.740 कि0ग्रा0 गांजा व 14460.650 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2011 माह जून तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 736 प्रकरण दर्ज कर 837 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.011 कि0ग्रा0 ब्राउन शुगर, 0.800 कि0ग्रा0 हेरोईन, 3.775 कि.ग्रा0 स्मैक, 7.009 कि.ग्रा0 चरस 620.441 कि0ग्रा0 अफीम, 1104.559 कि0ग्रा0 गांजा व 50910.828 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**<u>अवैध हथियार :-</u>**

- दिनांक 03.06.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना गंगापुरसिटी पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से अवैध एक देशी कट्टा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.06.2011 को जिला गंगानगर थाना रायसिंहनगर पुलिस ने 5 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 1 पिस्तौल 12 बोर, 1 पिस्तौल 315 बोर, एवं 20 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त अवैध हथियारों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान के तहत 11 पिस्तौल 12 बोर, 6 पिस्तौल 315 बोर, 4 पिस्तौल 32 बोर, 2 टोपीदार बन्दूक एवं 46 कारतूस बरामद कर कुल 32 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09 व 12.06.2011 को जिला करौली थाना नादौती व महावीरजी पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से 3 कट्टे 315 बोर, 4 कारतूस 315 बोर व एक रामपुरी चाकू बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.06.2011 को जिला झुन्झुनू थाना उदयपुवाटी पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से ऐ पिस्टल व 3 कारतूस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14 व 24.06.2011 को जिला सीकर थाना रिंगस व खाटुश्यामजी पुलिस ने दौराने गश्त तीन अभियुक्तों के कब्जेसे 3 देशी कट्टे, 4 कारतूस व एक खाली खोखा बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 19.06.2011 को जिला भरतपुर थाना डीग पुलिस ने सूत्र सूचना पर जंगल भीलमका से अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री से एक कट्टा 315 बोर एवं एक अर्द्ध निर्मित हथियार तथा हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये।
- दिनांक 28 व 30.06.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना झोटवाड़ा पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध दो पिस्तौल, एक रिवाल्वर व दो कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह जून 2011 जिला धौलपुर पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 2 कट्टे 315 बोर एवं 2 कारतूस 315 बोर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह जून 2011 में आर्म्स एक्ट के तहत 442 प्रकरण दर्ज कर 447 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 16 बन्दूकें, 117 रिवाल्वर/कट्टे, 111 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह जून तक आर्म्स एक्ट के तहत 2522 प्रकरण दर्ज कर 2577 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 147 बन्दूकें, 467 रिवाल्वर/कट्टे, 1034 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

**अवैध विस्फोटक :-**

राज्य में माह जून 2011 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 35 प्रकरण दर्ज कर 36 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 860 जिलेटिन, 358 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह जून तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 239 प्रकरण दर्ज कर 254 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 154074 जिलेटिन, 28978 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

**जुआ/सट्टाः-**

- दिनांक 01, 05, 07, 08, 20 व 27.06.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना ब्रह्मपुरी, शास्त्री नगर व माणक चौक पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 25 अभियुक्तों के कब्जे से 43,270/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 09, 12 व 30.06.2011 को जिला गंगानगर थाना जवाहरनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए कुल 16 अभियुक्तों से 1,85,385/-रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05, 08, 14 व 19.06.2011 को जिला जयपुर पश्चिम थाना झोटवाड़ा, सदर, करधनी, विश्वकर्मा, हरमाड़ा व सिन्धीकैम्प पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 47 अभियुक्तों के कब्जे से 27010/- रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.06.2011 को जिला जयपुर ग्रामीण थाना कोटपूतली पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 8 अभियुक्तों के कब्जे से 50010/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08, 22 व 26.06.2011 को जिला बून्दी थाना दबलाना, सदर व कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 16 अभियुक्तों के कब्जे से 91,630/-रूपये जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09, 13, 25 व 26.06.2011 को जिला जयपुर दक्षिण थाना शिप्रापथ, मानसरोवर, श्यामनगर व ज्योतिनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 14 अभियुक्तों के कब्जे से 13265/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10 व 23.06.2011 को जिला प्रतापगढ थाना रठांजना पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 6 अभियुक्तों के कब्जे से 1340/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 13 व 20.06.2011 को जिला सीकर थाना सदर पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 7 अभियुक्तों के कब्जे से 16110/-रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.06.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना निम्बाहेड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक रिहायसी मकान का सर्च वारंट प्राप्त कर दबिश देकर मकान में अवैध रूप से जुआ/सट्टा खेलते हुए 22 अभियुक्तों के कब्जे से 7 मोबाइल, 11695/-रूपये नकद बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 28.06.2011 को जिला हनुमानगढ थाना संगरिया पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक व्यक्ति के मकान में जुआ खेलते हुए 6 अभियुक्तों के कब्जे से 30,300/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह जून 2011 को जिला धौलपुर पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 53 अभियुक्तों के कब्जे से 39347/–रूपये जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह जून 2011 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1271 प्रकरण दर्ज कर, 2222 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 17 लाख 30 हजार 592 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 में माह जून तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 7202 प्रकरण दर्ज कर 13500 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर, 1 करोड़, 18 लाख 41 हजार 515 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

<u>विविधः–</u>

- दिनांक 05.06.2011 को जिला झुन्झुनू थाना गुढा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में 1600 लीटर बिना लाईसेन्स डीजल बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.06.2011 को जिला सिरोही थाना आबूरोड़ सदर पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन कर ले जाये जा रहे 58 गौवंश (बछड़े) बरामद किये।
- दिनांक 15 व 17.06.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना विजयपुर व कपासन पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 2420 किलोग्राम महुवा के फूल व एक अभियुक्त के कब्जे से 700 किलोग्राम खेजड़े की गीली लकडिया बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 16 व 24.06.2011 को जिला डूॅंगरपुर थाना आसपुर पुलिस ने 6 ट्रकों में अवैध रूप से बबूल, हर, नीम व आम की गिली लकडी, एक ट्रेक्टर में आम की लकड़िया बरामद कर 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.06.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना मालवीय नगर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 1065 नकली सीडी बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

## <u>उपसंहार</u>

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।